राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
अकेलगढ़ रावतभाटा रोड, कोटा 324010
फोन (0744)–.2473003 फेक्स (0744)–2473033

क्र0: एफ(2)/बोम–37/2021/ 9293 दिनांकः– 30/01/21

समस्त माननीय सदस्यगण
प्रबंध मण्डल
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा

विषय : प्रबंध मण्डल की 37वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण प्रेषित करने हेतु

महोदय/महोदया,

दिनांक 29.01.2021 को आयोजित राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की प्रबंध मण्डल की 37वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण अंतिम रूप से जारी कर आपको प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय
30/1/21
कुलसचिव एंव
सचिव, प्रबन्ध मण्डल

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

प्रबन्ध मण्डल बैठक

कार्यवाही विवरण

बैठक संख्या	37वीं विशेष बैठक
स्थान	**Online Video Confrance Mode**
दिनांक	29 जनवरी 2021 (शुक्रवार)
समय	दोपहर : 03.00 बजे

दिनांक 29.01.2021 को दोपहर 3.00 बजे राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा की 37वीं विशेष प्रबंध मण्डल की बैठक का ऑन लाईन वीडियो कॉनफ्रेंसिंग मोड के माध्यम से आहुत की गयी। उक्त बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे :–

1. प्रो. आर.ए.गुप्ता
2. श्री टी. पी मीना, (संभागीय आयुक्त महोदय के नामित)
3. श्री संत कुमार चौधरी
4. श्री रवि जूनिवाल
5. प्रो. अनिल के0 माथुर
6. श्री ए. ए. हनफी
7. डॉ. रवि गुप्ता
8. प्रो. बी. पी.सुनेजा
9. प्रो. विवेक पांडे
10. प्रो. संदीप पाराशर
11. प्रो. आर. एस. मीणा
12. श्री सी. डी. प्रसाद
13. डॉ. मनीष चतुर्वेदी
14. श्री नरेश कुमार मालव– सदस्य सचिव
15. श्री राकेश भारतीय–वित्त नियंत्रक (विशेष आमंत्रित सदस्य)

श्री राम नारायण मीना माननीय विधायक महोदय , श्री पानाचंद मेघवाल, माननीय विधायक महोदय, श्रीमति शुचि शर्मा (आई.ए.एस), सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर, श्री पी.सी. मकवाना, निदेशक, प्राविधिकी शिक्षा मण्डल, जोधपुर, श्री रमेश पचार, प्रशासनिक कारणों से बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

प्र.म.(वि)37.1 दिनांक 29.1.2021 को होने वाली वित्त समिति की 21वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन

(वित्त नियंत्रक)

दिनांक 29.1.2021 को होने वाली वित्त समिति की 21वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण जिसमें विश्वविद्यालय के आयकर संबंधी प्रकरणों में आयकर विभाग द्वारा जारी "विवाद से विश्वास स्कीम" के परिप्रेक्ष्य में लिये जाने वाले निर्णय का अनुमोदन करना।

उक्त वित्त समिति के कार्यवाही विवरण विवरण बैठक दिवस को बैठक से पूर्व ऑन लाईन आपको प्रेषित कर दिये जावेंगे।

संकल्प **वित्त समिति के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। इस संबंध में राज्य सरकार एवं सीबीडीटी से संमन्वय स्थापित करने हेतु डा. मनीष चतुर्वेदी एवं श्री सी.डी. प्रसाद (शिक्षक प्रतिनिधि) एवं वित्त कार्यालय से एक अधिकारी को सम्मिलित कर एक समिति बनाने की अनुशंसा की गई। डॉ मनीष चतुर्वेदी ने इस कार्य के लिए अपनी असमर्थना जाहिर की। तदउपरान्त बैठक के माननीय सदस्यों द्वारा माननीय कुलपति महोदय को उक्त समिति गठित करने के लिए अधिकृत किया गया।**

प्र.म.(वि)37.2 राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा का वर्ष 2020–21 का वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन करना।

(कुलसचिव)

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा का वर्ष 2020–21 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य सरकार के अनुमोदन उपरान्त विधान मण्डल के पटल पर रखा जाना है।

अतः राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 की धारा 44 के तहत उक्त रिपोर्ट माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प **बैठक के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020–21 के स्थान पर प्रतिवेदन का वर्ष 2019–2020 किया जा कर शेष प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया एवं उक्त वार्षिक प्रतिवेदन 2019–20 में हाने वाले आंशिक संशोधन को अनुमोदन करने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

30.01.2021 30/1/2021

(प्रो. आर.ए. गुप्ता)
कुलपति एवं अध्यक्ष
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

(नरेश कुमार मालव)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा